MADHAV INSTITUTE OF TECHNOLOGY & SCIENCE, GWALIOR
(A Govt. Aided UGC Autonomous & NAAC Accredited Institute Affiliated to RGPV, Bhopal, M.P.)
Gola ka Mandir, Gwalior (M.P.)- 474 005, INDIA
Ph.: +91-751-2409300, e-mail: director@mitsgwalior.in, website: www.mitsgwalior.in
WORK IS WORSHIP
Estd. 1957

क्रमाँकः मु.ऑ. / 2021 / 105 दिनांकः 16.09.2021

आवश्यक सूचना

विषय :- Pragati and Saksham Schemes by AICTE. 2021-22
केंद्र सरकार एमएचआरडी द्वारा अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद नई दिल्ली के माध्यम से दिव्यांग विद्यार्थियों के लिए संचालित सक्षम छात्रवृत्ति योजना के संबंध में ।

उपरोक्त विषय अंतर्गत लेख है कि, संस्था में नियमित अध्ययनरत दिव्यांग विद्यार्थियों को तकनीकी शिक्षा प्राप्ति में सहयोग एवं प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से केंद्र सरकार द्वारा अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद, नई दिल्ली के माध्यम से "सक्षम" छात्रवृत्ति योजना संचालित है इस योजना के अंतर्गत डिग्री/ डिप्लोमा के माध्यम से एवं नवीनिकरण दिव्यांग (छात्र/छात्राएं) विद्यार्थियों के लिए रु 50,000 प्रतिवर्ष का प्रावधान है ।

अर्हता :-

1 दिव्यांगता 40% से (प्रतिशत) कम ना हो एवं प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य है ।

2 वर्तमान वित्तीय वर्ष में परिवार की वार्षिक आय समस्त स्त्रोतों से रुपए 800000 प्रति वर्ष से अधिक ना हो, राज्य सरकार द्वारा जारी वेद आय प्रमाण पत्र संलग्न करना आवश्यक है ।

आवेदन करने की प्रक्रिया :-

भारत सरकार के राष्ट्रीय छात्रवृत्ति पोर्टल (https:// scholarships.gov.in) के माध्यम से पात्रता रखने वाले दिव्यांग छात्र /छात्राएं ऑनलाइन आवेदन करना सुनिश्चित करें एवं ऑनलाइन आवेदन कर संस्था में भी समस्त दस्तावेजों के साथ जमा करना सुनिश्चित करें ।

AICTE pragati scholarship:-

छात्राओं को तकनीकी शिक्षा प्राप्ति में सहयोग एवं प्रोत्साहन के उद्देश्य, केंद्र सरकार द्वारा अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद नई दिल्ली के माध्यम से योजना संचालित है अतः संस्था में नियमित अध्ययनरत नवीनिकरण छात्राएं भारत सरकार के राष्ट्रीय छात्रवृत्ति पोर्टल http://scholarships.gov.in (NSP) पर अपने आवेदन–पत्र Renewal करना सुनिश्चित करें, एवं आवेदन–पत्र समस्त दस्तावेज के साथ डाक से या स्वयं संस्था में जमा करें ।

16.09.2021
(डॉ.प्रतेश जायसवाल)
प्रोफेसर / रजिस्ट्रार

प्रतिलिपिः-

1 अध्यक्ष काउंसलिंग समिति एवं आयुक्त तकनीकी शिक्षा मध्यप्रदेश भोपाल की ओर सूचनार्थ ।
2 संयुक्त संचालक संचालनालय तकनीकी शिक्षा मध्यप्रदेश भोपाल की ओर सूचनार्थ ।
3 निदेशक कार्यालय की ओर सूचनार्थ ।
4 समस्त विभागाध्यक्षो की ओर सूचनार्थ
5 समस्त नोटिस बोर्ड ।
6 वेब मैनेजर की ओर अपलोड करने हेतु ।
7 रजिस्ट्रार ।
8 संबंधित फाइल ।